इस तरह के कारणों से आजकल क्रांतिदिवस पर भी काली साँतरा के कलेजे में आवेग-नहीं नाच उठता था। क्रांति और समाजवाद लैंम्पपोस्ट की ओट में खड़ा है उसे पुकार कर लाने भर की जरूरत है इस बात पर वह अकेला विश्वास करता है, यह काली साँतरा को नहीं मालूम था। अब उसे अपना थलग लगता। अकेलेपन का घूँघट वह हटा न-आप बहुत अलग-पाता, और पार्टी की मीटिंगों में तो नहीं ही हटा सकता था। अब जो बातें अबेरे सवेर उठतीं वे-भले कार्यकर्ता के जीवन की गोधूलि बेला में बड़ी मर्मांतक होती हैं। ब्लॉक के कुएँ से डोम

लोगपानी नहीं भर सकेंगे , यह देखकर, विधवा साथिन से ब्याह करने गाँव के स्कूल में नित्य काली साँतरा के मन में होता (विधवा ब्राह्मणी थी) जीवन दलूइ को हटाये जाते देखकर- इस देश में क्रान्ति बड़ी भारी क़िस्से की पोथी नहीं- कि आरंभ का संग्राम ही विफल हुआ है, पान का पत्ता मात्र है। इस तरह की नैतिक बातें उसके मन में उठती हैं , इससे उसे निराशा होती। वह क्रांतिदीक्षित है-, उसके मन में क्या इस तरह की बातें उठना ठीक है ?

गिरिश कर्नाड

गिरीश कर्नाड (जन्म:19 मई, 1938) एक जाने माने कवि, रंगमंच कर्मी , कहानी लेखक, नाटककार, फ़िल्म निर्देशक और फ़िल्म अभिनेता हैं। गिरीश कर्नाड को 1994 में साहित्य अकादमी पुरस्कार, 1998 में ज्ञानपीठ पुरस्कार के अलावा पद्म श्री और पद्म भूषण से सम्मानित किया जा चुका है। उन्हों ने हिन्दी में उत्सव, मंथन, इक़बाल, डोर जैसी फ़िल्मों में काम किया।

जीवन परिचय

गिरीश कर्नाड का जन्म 19 मई, 1938 को माथेरान, महाराष्ट्र में हुआ था। बचपन से उनकी रुचि नाटकों की तरफ थी। महाराष्ट्र में जन्में गिरीश ने स्कूल के समय से ही थियेटर से जुड़कर काम करना शुरू कर दिया था। कर्नाटक आर्ट कॉलेज से स्नातक करने के बाद वह इंग्लैण्ड चले गए। जहाँ उन्होंने आगे की पढ़ाई पूरी की। इसके बाद गिरीश कर्नाड भारत लौट आए और चेन्नई में ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में सात साल तक काम करने के बाद इस्तीफा दे दिया। इस दौरान वह चेन्नई के कई आर्ट और थियेटर क्लबों से जुड़े रहे। इसके बाद वह शिकागो चले गए जहाँ उन्होंने यूनिबर्सिटी और शिकागो में बतौर प्रोफ़ेसर काम किया। तत्पश्चात गिरीश भारत दुबारा वापस लौट आए और अपने साहित्य के अपार ज्ञान से क्षेत्रीय भाषाओं में कई फ़िल्में भी बनाईं और साथ ही कई फ़िल्मों की पटकथा भी लिखी।

कार्यक्षेत्र

गिरीश कर्नाड केवल नाटककार ही नहीं, अभिनेता, फ़िल्म निर्माता, कहानी लेखक और समाज की आधुनिक समस्याओं को उजागर करने वाले महान साहित्यकार हैं।

साहित्य

उनका विचार था कि वे कवि बनेंगे , परन्तु जब छात्रवृत्ति लेकर आक्सफ़ोर्ड गए , तो उन्होंने नाटकों की ओर रुझान दर्शाया। उन्होंने पहला नाटक कन्नड़ में लिखा और उसके बाद उसका अंग्रेज़ी अनुवाद किया। उनके नाटकों में 'ययाति', 'तुग़लक', 'हयवदन', 'अंजु मल्लिगे',

'अग्निमतु माले', 'नागमंडल', 'अग्नि और बरखा ' आदि बहुत प्रसिद्ध हैं। गिरीश ने कन्नड़ भाषा में अपनी रचनाएं लिखीं। जिस समय उन्होंने कन्नड़ में लिखना शुरू किया , उस समय कन्नड़ लेखकों पर पश्चिमी साहित्यिक पुनर्जागरण का गहरा प्रभाव था। लेखकों के बीच किसी ऐसी चीज़ के बारे में लिखने की होड़ थी जो स्थानीय लोगों के लिए बिल्कुल नयी थी। इसी समय कर्नाड ने ऐतिहासिक तथा पौराणिक पात्रों से तत्कालीन व्यवस्था को दर्शाने का तरीका अपनाया तथा काफ़ी लोकप्रिय हुए। गिरीश कर्नाड के नाटक ययाति (1961, प्रथम नाटक) तथा तुग़लक़ (1964) ऐसे ही नाटकों का प्रतिनिधित्व करते हैं। तुगलक से कर्नाड को बहुत प्रसिद्धि मिली और इसका कई भारतीय भाषाओं में अनुवाद हुआ। इनकी कृतियों में जहाँ भारत का पुरातन झाँकता है , वहाँ आधुनिकता का भी सम्मिश्रण है। इस प्रकार साहित्य से सम्बन्धित अनेक क्षेत्रों में काम करने के कारण गिरीश कर्नाड ने कन्नड़ साहित्य को ही समृद्ध नहीं किया, हिन्दी साहित्य भी उनकी देन से अछूता नहीं है।

सिनेमा

गिरीश कर्नाड एक सफल पटकथा लेखक होने के साथ एक बेहतरीन फ़िल्म निर्देशक भी हैं। गिरीश कर्नाड ने वर्ष 1970 में कन्नड़ फ़िल्म 'संस्कार' से अपने फ़िल्मी कैरियर की शुरुआत की जिसकी पटकथा उन्होंने ही लिखी थी। इस फ़िल्म को कई पुरस्कार मिले जिसके बाद गिरीश ने कई फ़िल्में की। उन्होंने कई हिन्दी फ़िल्मों में भी काम किया , जिसमें निशांत, मंथन, पुकार आदि प्रमुख हैं। गिरीश कर्नाड ने छोटे परदे पर भी अनेक महत्त्वपूर्ण कार्यक्रम और 'सुराजनामा' आदि सीरियल पेश किए हैं। उनके कुछ नाटक जिनमें 'तुग़लक' आदि आते हैं, सामान्य नाटकों से कुछ भिन्न हैं। गिरीश कर्नाडसंगीत नाटक अकादमी के अध्यक्ष भी रह चुके हैं।

सम्मान और पुरस्कार

1. 1972 में संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार
2. 1974 में पद्मश्री
3. 1992 में पद्मभूषण
4. 1992 में कन्नड़ साहित्य अकादमी पुरस्कार
5. 1994 में साहित्य अकादमी पुरस्कार
6. 1998 में ज्ञानपीठ पुरस्कार
7. 1998 में कालिदास सम्मान

- इसके अतिरिक्त गिरीश कर्नाड को कन्नड़ फ़िल्म 'संस्कार' के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिल चुका है।

एक श्रेष्ठ अभिनेता, निर्देशक औक फिल्मकार के रूप में स्वयं को सिद्ध कर चुके प्रसिद्ध रचनाकार गिरीश कर्नाड अपने को मूलतः और अन्ततः नाटककार ही मानते हैं।

1970 में इन्हें सर्जनात्मक कार्य के लिए 'भाभा फैलोशिप' प्रदान की गई। इसी के तहत 'हयवदन' की रचना हुई। लोक रंग - त्तवों के सार्थक प्रयोग से स्त्री-पुरूष संबंधों की जटिलता और सम्पूर्णता की तलाश की मृग मरीचिका को नाटककार ने 'कथा सरित्सागर' की एक कथा के बहाने अपनी नई नाट्य- रचना 'हयवदन' में रोचकता के साथ रेखांकित किया। 1971 में प्रकाशित 'हयवदन' को 1972 में ब.व. कारंत ने 'दिशांतर' (दिल्ली) और सत्यदेव दुबे ने 'थियेटर यूनिट' (मुम्बई) की ओर से लगभग साथ-साथ पेश किया । अलग-अलग प्रस्तुति-शैलियों के बावजूद दोनों प्रदर्शन कलात्मकता एवं लोकप्रियता की दृष्ट से अत्यधिक सफल रहे। बाद में इसे ब.व. कारंत ने दो बार कन्नड़ और दो बार हिंदी (लखनऊ-भोपाल) के अलावा आस्ट्रेलिया में भी अभिमंचित किया । जर्मनी में इसे विजया मेहता ने किया था। 'हयवदन' समकालीन भारतीय रंगमंच में मील का पत्थर सिद्ध हुआ जिसे प्रकाशन के बाद 1971 में ही भारतीय नाट्य संघ द्वारा गिरीश कर्नाड को श्रेष्ठ पुरस्कार का 'कमला देबी पुरस्कार' प्रदान किया गया।

हयवदन

गिरीश कर्नाड, विजया मेहता और भास्कर चन्दावरकर जैसे समकालीन भारतीय रंगमंच के तीन दिग्गज जब एक बिन्दु पर आ मिलें तो सृजन के किसी नये आयाम के उद्घान की जिज्ञासा और अपेक्षा स्वभाविक ही है। इसलिए हाल ही में संगीत नाटक अकादमी की ओर से जब विजया मेहता निर्देशित गिरीश कर्ना के सुप्रसिद्ध नाटक हयवदन के खानोलकर कृत मराठी अनुवाद के श्रीराम सेंटर में प्रदर्शन की घोषणा की गई तो दिल्ली के सूखे-सूने रंग-मौसम में एक हलचल-सी मच गई। प्रतिभावन संगीतकार भास्कर चन्दावरकर के संगीत से सजी-संवरी 'द नेशनल सेंटर फ़ॉर द परफौर्मिम आर्टस ' तथा 'द गोआ हिन्दू एसोसिएशन' की इस संयुक्त चर्चरत प्रस्तुति को देखने के लिए रंग-प्रेमियों का एक सैलाब-सा उमड़ आया। नई व्याख्या, मौलिक प्रस्तुति - शैली और लोक एवं संगीत के रचनात्मक रंग तत्वों के कल्पनाशील इस्तेमाल के निर्देशकीय दावों ने इस जिज्ञासा और अपेक्षा को अत्याधिक तीव्र कर दिया।

बेताल पच्चीसी और टॉमस मॉम की कहानियों पर आधारित गिरीश कर्नाड लिखत 'हयवदन' लोक-शैली का एक श्रेष्ठ आधुनिक नाटक है। देवदत्त और कपिल के बीच भटकती पद्मिनी की खोज और त्रासदी अपने मूल रूप में व्यक्ति द्वारा पूरेपन की अर्थहीन अनंत तलाश की त्रासदी है जो कहीं न कहीं 'आधे अधुरे' जैसे स्त्री - पुरूफ सम्बन्धों के नाटकों के बहुत नज़दीक पड़ती है। विजया मेहता की प्रस्तुति में खाली मंच है, यवनिका है, मुखौत है, कठपुतलियां हैं, कलाकारों का खुला आवागमन एवं सशक्त अभिनय है, बोलियों का सर्जनात्मक इस्तेमाल है, गतियों और संयोजनों की बारीकियां हैं, प्रभावी गायन हैं, अद्भुत संगीत है, कल्पनाशील प्रकाश-योजना है, कई दृश्यांश अविस्मरणीय हैं। निर्देशन में सूक्ष्मता है-प्रदर्शन में रोचकता है, कसाव है, वह बांधने में समर्थ है। विश्वास होता है कि बर्लिन समारोह में विदेशी प्रेक्षकों को भी प्रभावित करने में सफल होगा। परन्तु इन तमाम विशेषताओं के बावजूद प्रदर्शन में व्याख्या का तथाकथित नयापन (पद्मिनी में 'शक्ति' का रूप इत्यादि) दिखाई नहीं देता और न ही यह प्रस्तुति समग्र -प्रभाव की दृष्टि से कारंत और सत्यदेव दुबे के पूर्व-प्रदर्शनों के असर को धूमिल कर पाती है। कारंत की शैली की प्रमाणिकता और दुबे की रमणीयता-तार्किकता का अपना सोन्दर्य और असर था। ऐसा लगता है विजया अपनी बातचीत और उपस्थिति से जितना प्रभावित करती हैं, प्रस्तुति से शायद उतना नहीं कर पातीं। यह बात उनके होली के प्रदर्शन से भी सिद्ध होती है, जिसे उनहेंने राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के तृतीय वर्ष के छात्रों के साथ प्रस्तुत किया था। छात्र-वर्ग की ऊर्जा और ऊष्मा, अनुशासनहीनता और कमजोरी, विरोध, विद्रोह, आतंक, कुणठा, भटकाव, विकृति, निराशा और दुःख इत्यादि को आकामक तेवर में पेश करने वाले महेश एल्कुंचवार के छोटे नाटक 'होली' के वसंत देवकृत हिन्दी अनुवाद को विजया मेहता ने बडे सादे और दिचस्प ढंग से प्रस्तुत किया, परन्तु समग्रतः उसका भी कोई गहरा, तीखा और उत्तेजक प्रभाव गम्भीर प्रेक्षकों-समीक्षकों पर नहीं पडा था। दिल्ली में कुछ वर्ष पहले प्रदर्शत उनके अभिनीत-निर्दशित बहुचर्चित 'संध्या छाया' को भी सामने रहकर कहें तो कहना होगा कि विजया मेहता की प्रस्कततियाँ आकर्षक अधिक हैं, उत्तेजक कम।

सीताकांत महापात्र

परिचय

आधुनिक भारतीय कविता के समर्थ कवि सीताकांता महापात्र का जन्म सन् 1937 में ओडिशा में हुआ। अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त श्री महापात्र ने उत्कल, इलाहाबाद तथा कैंब्रिज विश्वविद्यायों में शिक्षा प्राप्त की । 1975-77 में होमी भाभा फेलोशिप पाकर सामाजिक नेतृत्व विज्ञान में डॉक्टरेट की उपाधि। वर्ष 1961 से भारतीय प्रशासनिक सेवा से संबद्ध।

अब तक बारह काव्य-संग्रह ओड़िया में, छह यूरोपीय भाषाओं, दस हिंदी में, तथा आठ संग्रह अंग्रेजी में अनूदित होकर प्रकाशित। अन्य भारतीय भारतीय भाषाओं में भी काव्य-संग्रहों के नौ संग्रह अंग्रेजी में प्रकाशित। कविताओं के अलावा आलोचनात्मक निबंधों के चार संग्रह भी ओडिया में प्रकाशित।

सन्.1993 के भारतीय ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित। इसके अलावा केन्द्र साहित्य अकादमी पुरस्कार, सारला पुरस्कार, कुमारन आशन पोयट्री पुरस्कार, ओड़िशा साहित्य अकादमी पुरस्कार, सोवियत लैंड नेहरू पुरस्कार तथा विषुद सम्मान से सम्मानित।

संप्रति सचिव, संस्कृत विभाग, भारत सरकार के पद पर कार्यरत।

(अ) प्रकृति - वर्षा की सुबह, दूब

1. वर्षा की सुबह

आया है वर्षा-काल
घन बरसता लगातार
बज रही दुंदुभि बादलों की
काँप उठी है सुबह।।

लग-लगकर कोमल अँगुलियाँ
बारंबार वर्षा की मियचुके हैं सफेद अक्षर कई
फाटक की नीले नामपट्ट से।।

भीगा हुआ जाता है स्कूल बालक एकाकी,
पर बंद हैं किवाड़ खिड़कियाँ सारी

राह किनारे सभी घरों की
मानो महीं है कोई उस गाँव में अनंतकाल से
हो गए हों तितर-वितर सभी
भय से वर्षा के
सुन पडता है प्रहार वज्र का
घुप्प काले बादलों के लोहारखाने से।।

सोया है घर में कौन ?
उदास माँ-बाप ? निश्चिंत समय ?
गाढ़ी काली मृत्यु का भय ?
देख घटा मोर की तरह हैं अधीर
मृत्यु और बालक के मन।।

खत्म हुई छुट्टियाँ बालक की
आ पहुँची घडी यह समझने की
चुक जाते हैं सुख सारे कभी न कभी
आई है वर्षा अब
मृत्यु है लंबी छुट्टी पर
दूर परदेस में,
विरही जीवन चाहता है खो जाना चुपके से
बादलों के शुभ्र मल्हार करूण राग में।।

आ जाता है खुद ही पकड़ में स्वप्न
राह भूली तितली-सा,
एककाकी बदरारी लग्न में कुछ सोच उठ खड़ी होती हो तुम
करती हो इस्त्री पोशाक मेरी
टाँग देती हो उसे
(मानो अगले जन्म के लिए)
वहाँ अरघनी पर लगती है जो
किसी धुले-उजले कंकाल-सी।।

2. दूब

दूब,दूब पहचानता हूँ तुझे

हुत्-हुत् जलता सूरज और आकाश
निश्चल शांत मेदिनी
है कितना अद्भुत भरोसा तुझे
है कितना विश्वास
पीकर जरा-सी ओस
दिन-दिन भर, रात-रात,
घुटरून चलना, घिसटते हुए
कुआँ-कुआँ रोना और हाँफना
सुना है सुना है
रेत में अँगुली भर आगे
विकल प्राण का बरताव
पहचाना है पहचाना है
दुबली-पतली हरी देह में तेरी
आनंद और यंत्रणा का शिलालेख
खरोंच-खरोंचकर पढ़ा है मैंने सदा।।

देख मेरी ओर
कोमल पत्ते की आँखों से
किसलिए घिसटता हूँ मरूथल में
शून्यता से शून्यता
अँधेरे से घर अँधेरे में
प्रथम कुआँ-कुआँ के जापाघर से लेकर
शब्दहीन शेष घडी तक।।

बीच में यही बँधे-बँधाए कुछ पल
अबूझ फिर भी आस्वाद,
कैसा यंत्रणा, कैसा अंधकार
फिर भी है आह्लाद।।

दूब, दूब
यह आकाश चाँद और ओस
दूब, दूब
नारी ओर नक्षत्रों की नील रात्रि
पवन का स्नेह से सराबोर स्वर

दूब, दूब
क्षुधा, तृणा, प्रतीक्षा का अंतहीन उनींदा प्रहर
साथ-साथ रमें हैं
सखी मेरे प्राणों की अपनी।।

(आ) सामान्य जीवन - (अधेड) (हम)

1. अधेड

जल की स्वच्छ करूणा
हवा का सरल आनंद
छोड़ आया है वह
स्कूल की किताबों में,
कामना का कंटकित प्रस्फुटित गमकता वन
उन्माद का तीव्र उल्लास और दंश
छोड आया है वह
प्रथम प्रेम की गली के मोड में।।

अब है महज धूल, पसीना, खीझ
जेढ की गर्म हवा में
कराता है इंतज़र वह
आषाढ़ का, बादलों का।।

कभी-कभी मानो कोई रोता है भीतर
शायद कुछ याद कर-करके
बच्चे नहीं है, गृहिणी गई है पडोस में
चारों ओर सूनेपन का अखंड राज है
लंबी दुपहर पड़ी है
साँझ होने में अभी देर है।।

आम के पेड़ पर बैठी रो-रोकर
बुला रही है एक कबूतरी
सेर भर गया, माँण भर गया, उठ रे पूता
किंतु सब अपूर्ण रहता है

कोई भी शून्यता नहीं भरती।।

स्कूल से, कालेज से लौटने में
अब भी देर है बच्चों के
अशांत, धूल-धूसरित रास्ते में किसी से मारपीट
किसी पर पत्थर से सिर फटा होगा
उसके भीतर की अलसायी हिंस्त्रता
हमेशा उभरी है
उनके चेहरे पर, भाव-भंगिमाओं में।।

फिर एक बार देखता है वह घडी
सूर्य को थोडी भी जल्दी नहीं लौट जाने की
उसी तरह मरी मछली के पेट-से लटका है
निष्करूण पश्चिम आकाश में
गोधूलि की लालिमा में काफी देर है
रात और अँधेरे का आश्वासन है काफी दूर।।

सुनाई पड़ता है रह-रहकर अब भी
कोयल का आखिरी गीत
खुशी से पहले की तरह
रो नहीं पा रहा अब
खुद-ब-खुद नहीं भर आती आँखें।।

सीढ़ी-दर-सीढ़ी
दृढ़ विश्वासी हो पग बढ़ाता है
नीले आकाश, शीर्ष को ताकता
सीढियाँ चढ़ना खत्म हो जाने पर
है अब खीझ का शून्य समतल।।

बैठा रहता है वह घड़ी पर आँखे टिकाए
परित्यक्त मंदिर की कौतुक भरी
वजनदार मूर्ति-सा
जो अबोध शिशु-सा
ताकता रहता है शून्य को

पर न हँस पाता है,
न रो पाता है।।

2. हम

मिट्टी के गरभ में, सीने के हाड़ तले
तमाम अँधेरा लबालब भर जाने पर
तमाम काली रातें,तमाम दुःख
और संताप की आँच उफन पडने पर
एक धान अँकुराता है, एक शब्द से अर्थ फूटता है
हरा पत्ता बोल उठता है, अर्थ गुनगुनाता है
हम जानते हैं भाई, हम जानते हैं।।

सूने खेत में,सन्नाटा भरे शून्य में
काम है हमारा सिर्फ रोपते चले जाना
अर्थ के बोझ से झुकते जा रहे
आँसुओं से लथपथ, मुस्कान से सराबोर
जादुई शब्द पास-पास
गर्दन झुकाए, कमर तोडे, झुककर जलाते जाना
अँधेरी रात में, काले बादलों तले
एक-एक कर नन्हे-नन्हे शब्दों की बाती
मच्छर डाँस, जंगली घास
ऊसर मन की अनबुझ प्यास
अबुझ उदासीनता के चाबुक की मार
हवा, बतास पीड़ा, जाड़ा
भाई रे हम जानते हैं, हम जानते हैं।।

नीचे सर्वसहा पुराण अक्षर माटी
ऊपर तारों-भरा मोर - नील आकाश
वही है वह खुला पडा कविता ता मुक्त आँगन
हरित हृदय-प्रवेश
दीवार या खाई, फाटक या घेरा नहीं
स्वर्ग-नरक, शत्रु-मित्र, हँसी-रूलाई, धूप-छाँव
सारे दुःख, सारे शोक, सारी हँसी अनभूली

सबकों दिल खोलकर, हँसते हुए खिल-खिल,
हाथ उठाए चिरकाल
भाई रे हमने पुकारा है, हमने पुकारा है।।

हमारी पुकार सुन
झुक आते चारों मेघ,
पूर आकाश को ढक,
सूखी जड़ों में पानी डालते
ब्रह्मा मंत्र पढ़ते
शब्द लगते हैं सिहरने, लहराते हैं
हवा बहती है सिलसिल लुकाछिपी खेल-खेलकर
सूर्य तारे सो जाते हैं ओस की ढुलमुल बूँदों-से
सहज शब्दों की गोद में गूढ़ अरेथों में।।

कितने जन्म कितनी मृत्यु लग जाती है
कितने युग बीत जाते हैं नहीं होता खेल खत्म
कितना खून क्तने अश्रु
कितनी खुशियाँ कितनी सिसकियाँ बीत जाती हैं
मन तो नहीं मरता
सूर्य, चंद्र, मिट्टी, पानी, हवा की महक से
गुनगुनाते हैं शब्द व्यंजना लिए अर्थ की
इस देह के पेड़ की डाल पर
पत्ते फूल और फल लगते हैं
पेड़ तो नहीं मरता
कैसा जादू कैसा अद्भूत आनंद और
वेदना का अभिषेक !
भाई रे हम पहचानते हैं, हम पहचानते हैं।।

यदि कभी अकाल पड़ता है, जमीन फटती है
हृदय मर जाता है, शब्द का अर्थ चुक जाता है
सुनासान खेत में पौधा मुरझा जाता है,
मन उदास हो उठता है
एक अधमरी चिड़िया चोंचखोलती है
हम स्र पर हाथ धरकर बैठ तो नहीं

यदि हवा बारिश गरजती हुई आए
काली जीभ से हरा रस, शब्द -हँसी चाट जाए,
हम किसी पर दोष मढ़कर बैठे तो नहीं रहे
उदास आकाश तले, म-त्यु शोक वेदना की भीड़ में
हमारा भाग्य हम खुद ही हैं भाई
जानते हैं, हम जानते हैं।।

तोराणि[1] पर पड़ रही है परछाईं
सुदूर पहाड़ के साम्राज्य की
मुकुट और राजदेड, धर्मग्रंथ नामावली
विक्षोभ और रक्तपात, नारे और तालियाँ
अंतहीन अर्थहीन भाषण की
शेषहीन विद्वेष की
नन्हे शिशु शब्दों ने
आँख खोल देखी है
लगाकर कान सुनी है
खनक तलवार की देखे-सुने हैं बिगुल और मार्चिंग गीत
रुलाई और संकीर्तन न जाने कितने गायत्रीमंत्र
पकडो-पकडो, मारो-मारो की चीत्कीर और रिरियाहट
"मैं आया, मैं आया!" की आवाज नवजातक की
खाली पड़े खेत की सूखी छाती में,
हमारा काम है सिर्फ रोपते चले जाना
सुकुमार पौधे, हँसी के फव्वारे पास-पास
वेदना मृत्यु ऊसर जमीन में हमारा काम है केवल जोड़ते चले जाना
सांत्वना भरे सरल शब्द
एक-एक कर पास-पास
भाई रे हम जानते हैं; हम जानते हैं।।

(इ) असीम - अनंत - आकाश, उस पार

1. आकाश
पेड़-पौधों, गाँव-द्वारा से बना है
जो नील दिगंत सुदूर,

[1] बासी भात का पानी (पखाल)

उसी पर कभी एक थके-हारे पथिक-सा
कभी उतावले प्रेमी-सा
छुका होता है जो
उसी का नाम है आकाश।।

नहरे खेत के एकाकी ताड़ वृक्ष को
इतनी सुंदर शून्यता के प्रेम में
बाँधे रखता है जो
माँ यशोदा बन
बाल कृष्ण को
भींचकर अपनी गोद में
उसी अनभूली स्नेहमयी
विभूति का नाम है आकाश।।

सन् सन् शून्य छाती पर
अकेले घर लौटते निर्जन
कतार के कतार, झुंड के झुंड
पक्षियों को उडा देता है,
हँसाता है, रिझाता है, नचाता है
रंग-रविरंगे बादलों को,
पल में घुप्प काले बादलों की छाया में
नचाता है मोरों को, रूलाता है प्रेमियों को
सिंदूर के टीप-सा थाप देता है
सारे सृष्टि के जनक सूर्यदेव को,
ब्रहमचारी के ललाट पर चंदन के टीके-सा
पूनो के चाँद को,
राह छोड़ देता है
चौतरफा अधीर हवा के लिए
उसी सज्जन जादूगर का नाम तो है आकाश।।

हर जगह होता है-
सैकडों जलघटों में गोष्पद सलिल में
निर्जन सिंधु में, झिलमिल ओस की बूँद में
हालाँकि कब नहीं था-कहाँ नहीं होता

उसी अंतिम अनुपस्थिति का नाम तो है आकाश।।

कार्यऔर कारण का,
जनम और मरण का क्रीतदास,
पग-पग पर हँसी-रूलाई,
हानि-लाभ कर्मवश
देखता हूँ मैं शून्यता को
ओर पूछता हूँ,
आत्माराम, शून्यता ओ निरंजन
बनूँगा नहीं क्या मैं कभी आकाश ?

2. उस पार

उस पर लगा रहता है मोह।

इस पर के दिन -रात, माटी और ओस
इस पार के हँसी, रूलाई, घृणा और स्नेह
पानी में हिलाती परछाइयों की तरह
जाने - पहचाने लोगों के चेहरे और यादें
सुबह, साँझ, गोधूलि,शब्दहीन नक्षत्रों की रातें,
इस पार की सारी लाभ-हानि, सारी क्षय-क्षति
इस अधीर हृदय को नहीं बाँध पाते ज़रा भी
भाई बंधु, सगे-संबंधी।।

उस पार मानो सब दीखते हैं
स्वच्छ हवा के शून्य आईने में
सारे दृश्य, सारे शब्द, सारे क्षय, सारी क्षति
लाभ-हानि, हँसी-रूलाई लाख जनम के
जैसे कि सारा जीवन महज उतावली प्रतीत्रा है
पानी, बालू, घास पार कर
इस पार से उस पार जाने की
गोकुल, मथुरा, द्वारिका, माखन, बंशी और चक्र सारे पारकर
पहुँचने की उसी स्वप्नमय मंत्रमुग्ध अनजाने नगर में।।

जैसे ही पहुँचेंगे उस पार,
नया जन्म होगा इस शरीर का
इस इंद्रिय पंचभूत बुद्धि और मन का
हृदय, अस्थि, चर्म, चर्बी, माँस, रक्त और आत्मा का,
जैसे ही पहुँचेंगे
फूलों की तरह देह मन विकसित होगें
बारिश में कदंब की तरह खिलेंगे हुलसित होगें
जिस तरह उचक रहा था उस पार का स्वरूप हमेशा
या स्वप्न जागरण निद्रा तंद्रा समस्त प्रहार।।

पानी में पैर बढ़ाता हूँ, पानी बन जाता है नाव
लगता है कई जनमों का वही परिचित बंधु
बालू में पैर थापता हूँ, बालू बन जाती है नाव
लगता है अपने ही रक्त की, माँस की
घास मेरी देह में पसर जाती है घास की नाव बन
फुनगी से फुनगी पर कूदती है जनम से मरण तक
बालू, पानी और नदी है इस देह के मुक्त-क्षेत्र।।

आ जाता है, वह पार सहसा
चिर ईप्सित स्वप्न का रूपायन
पर रोता है वही पुराना दोहरा स्वर
पुरानी मिट्टी पानी घास और ओस
यह तो है वही रोज़-रोज़ की
हँसी, रूलाई, घृणा और स्नेह !

छोड आए उसी पार
धुँधली चाँदनी में, धूप में, तारों में
खुशी में, आनंद में, क्षोभ और विषाद में
हाथ के इशारे से बुलाता रहता है मुझे
न जाने किस जनम से
मोहनी अमृत कलश लिए बुलाता है
स्वप्न जागरण उलाँघ, जीवन मरण उलाँघ
अनजाने में उस पार से हो जाता है मोह,
वह पार होता है यह पार,

कौन देता है भुलवा चिरकाल।।

क्या नहीं हो सकती ऐसी नदी
जिसका सिर्फ़ एक ही किनारा हो ?
क्या नहीं हो सकता ऐसा सपना जिसका आदि अंत न हो
जडे हों जिसकी शून्य में ?

(ई) मानवीय राग-

1. सारी बोतों के बाद

उज्ज्वल चाँदनी तोड़ रही है लहरें
खोचती जा रही स्मृति -सी
अधभूले गीत - सी
सिलेटी आकाश में चटिमटिमा रहे हैं यहाँ-वहाँ
झुंड के झुड तारे,
चाँदनी से भीगे हुए
बिजूखे की तरह खडे महुए के पेड़ से
असंख्य फूल अब झर रहे हैं, झर रहे हैं चुपचाप।।

तू जानती है
आँखों से आँसू पोंछने पर
आँसू फिर उमड़ पड़ेगे
टहनी से फूल झर जाने पर,
होंठ से कोई बात उड़ जाने पर
टहनी पर, होंठ पर कभी नहीं लौटेंगे।।

हर वक्त ठगकर डाल को, वृंत का
झड़ जाता है फूल नीचे
हर व्कत न जाने किस अभिमान से, किस दुःख से
बात उड़ जाती है, उडते-उडते खो जाती है
जिद्दी नन्ही चिडियों की तरह नीले क्षितिज में।।

धाँगड़ा के वायदे ने यदि

उड़ आकर बनाया था घोंसला कभी
कुँआरी के मन में
तेरे सपने के पत्तों के बीच,
धाँगडा की बातें यदि
जिद्दी चिड़िया की तरह
चुपचाप उड़ गई आकाश की ओर
नहीं लौटीं फिर शाम के बाद रात होने तक
उसके गीत का मतवाला स्वर यदि
फिर सुनाई नहीं दिया
धाँगड़ा-घर से,
यदि आज झीना कोहरा लाँघ
अस्पष्ट साये की तरह
कमर से हाथ हटाकर
कुछ कहे बिना
छोडकर वह चला गया
इतना सुंदर नाच बीच में ही
अब यदि दोस्त - यार, साथिन लौट गई
चुपचाप अपने - अपने घर
आग की लौ बुझ चली नाच - मंडप से
एकाकी कबूतरी अब यदि
रोती है जंगल किनारे
न बोल तू कोई शब्द री धाँगडी
कोई बोल तक नहीं फूटता कभी
महुए का फूल झरते समय
कुछ कहता नहीं
मुरझाया चाँद
पहाड के मचान से अस्त होते समय।।

ओंखों से आँसू पोंछ ले
खोल ले केश
खड़ी हो जा चाँदनी से भीगकर
महुआ तले बिजूका-सी
फूल झरते रहें
स्वच्छ. सुंदर ठोस तेरी दीर्ध देह में

पोंछ दे चाँद , तारे समग्र आकाश
शेष सरलता-से प्रचंड काले बादल
अपने आँस, अपने खुले केश।।

ऐसी ही तो है चिरकाल स्नेह का उद्यपन पर्व
ऐसी ही तो है हँसी- रुलायी, नाच-गीत, दिवस-रात्रि।
कौन - से प्रश्न किसके लिए
भला कौन देगा उत्तर
दर्मू,[2] या दर्तनी[3] या देवता दिशारी[4] ?

(उ) जीवन बोध -

1. मृत्यु

आना हो तो आओ
क्या मालूम नही तुम्हें
तुम्हारे उस आकाश का ओर
उन्मुख हूँ मैं हंमेशा से
आओ, आकर बैठों मेरे पास।।

धूल में धूसर आत्मा सिर्फ रोती है
आनंद से दिन - रात वही विमुग्धा पुतली
आनंद से, आँसुओं से, राधा-सी
सदा वह पगली।।

पहाड़ के मचान पर, सुदूर उपत्यका में
बेमौसम बरसात में
करुण साँझ की किस उदास बाँसुरी की पुकार से
अप्रतिभ पवन में, बावली सुबह में
उड़ा है चिड़िया बन यह हृदय
है आकाश तो बहुत दूर।।

---

[2] आदिवासियों के आकाश में रहनेवाले देवता
[3] आदिवासियों की धरती माँ
[4] आदिवासियों के पुजारी

घास बन, धूल-अंगार को नए
सपनों की हरियाली से ढाँप
फूल खिलने से पहले
धूप का गुस्सा सह
हुआ है यह हृदय चिरकाल दग्ध
घोर तूसानल से
चर्म - घिरे चौरासी अन्नमय पिंड लिए
हाट-बाज़ार की क्षुधा तमाम अंगार राख
पीठ पर लादे कछुआ -सा
नीरवता-वामन के तृतीय डग से हाय
घुसी है पालात में चिरकाल।।

आना हो तो आओ
मोतियाबिंद से घिरी आँखों से
पोंछकर सारी धूल ओर अंगार
मेरी आत्मा से
क्या तुम्हें नहीं मालूम
मैं हूँ तुम्हारी ही प्रतीक्षा में
आँखए खुली हैं जिस दिन से ?
दबे पावँ चले आओ,
पास बैठो जरा।।

2. एक किशोर की मृत्यु

नहीं आता है पकड़ में हिरन
चारों ओर चम-चम तलवार - सीतेज धूप
छिन में दिखाई देकर
अदृश्य हो जाती है छिन में
मायावी उस मृग के पीछे
अभागा, कितना दौड़ेगा बेचारा।।

किसकी माया से
निष्पाप, निर्लोभ और निष्ठुर

दिखाई देती हैं दसों दिशाएँ
शुभ्र और निर्वाक् धूप में
रुआँसी- रुआँसी-सी दिखती हैं चारों दिशाएँ
दबी-दबी सी सिसकयाँ सुनाई देती हैं चारों ओर
सहसा बंद हो गई पल में
समय की धुकधुकाती छाती।।

कल सब ठीक हो जाएगा खुद-ब-खुद
सारे दोस्त रोज़ की तरह
अपनी साइकिलें, क्रिकेट, ब्रल और बैट
क़ॉमिक और यादों भरी शून्यता लिए आ पहुँचेंगे।
दबी आवाज़ में सुनाई दे रहा होगा उसका नाम
खेलने बुला रहे होंगे उसे रोज की तरह
फाटक पर रोज़ की तरह ढूँढ़ेंगे
वेलोग उसे
सामने पसरा होगा धूप और छाँव का
यादों से धूला विस्त-त मैदान।
स्वर पसर गया होगा घर से श्मशान तक
सपने की तरह,फूलों की तरह
उनकी आँखों से लेकर
उदासीन बैकुंठ के
निष्ठुर प्रबु के द्वार तक।।

यह जानते हुए भी कि
खेल शुरू नहीं हुआ
परछाई-सी एक माँ चिल्ला रही होगी
अब बस भी करो आज खेलना,
गीली दाह, गीला सिर
कल हुआ जो था ज्वार।।

उसके दोस्तों को समझा-बुझा रही होगी(या खुद को)
कल आना बच्चों, जी छोटा मत करना
आज वह किसी की भी बात न मान
हाँड़ी जैसे काले भैंसे की पीठ पर बैठ

मंदार की माला पहने
चला गया घूमने
किसी और के घर।।

(ऊ) पुराण - आख्यान के प्रसंग

1. शब्द - रूप

ठीक किया इंद्रद्युम्न
जो खोल दिया बंद किवाड़ वह
अंतर्धान हो गया भास्कर्य
रह गया अधुरा कालिया ठाकुर[5]
ताजे और शुभ शब्दों का।।

वरना क्या कभी खत्म हो पाता भास्कर्य
खत्म हो पाती शबेदों और अक्षरों की कारीगरी
धुकधुकाते साने और सूर्यस्नात माटी का
वह जटिल समीकरण ?
क्या निःशब्द पकडे रख सकता है कोरा कागज
इतने स्वर्ग, इतने नरक, पाप-पुण्य
यातनाओं और आनंद का अनभूला जीवन-मरण ?

गर्भ कष्ट, जन्मकष्ट, जीने का अंतहीन कष्ट
हैं मात्र कुछ शब्द - न खत्म होनेवाले अर्थ और भाव
हाथ बढ़ाता है चिरकाल शून्य आकाश की ओर
उठा लो मुझे, उठा लो मुझे, पुकारता है और
असहाय कागज़ पर शून्यता ही सोई रहती है
स्वप्न, दृश्य दृश्यांतर, जन्मांतर
कारीगर, दारुब्रह्म चिरकाल रह रहे होते हैं
उस बंद कोठरी में साथ-साथ
चिरकाल असमाप्त रहता मूर्ति बनाना
अपूर्ण रहता ब्रह्मा-रूप दर्शन
शब्द-रूप दर्शन

---

[5] कालिया ठाकुरः प्रभु जगन्नाथ

व्यथातुर कोटि-कोटि लोगों का ।।

2. या देवी

अहरह थरथर
तापित दुनिया
राजमार्ग किनारे मैं अधमरी त्रस्त दूब
अनंतकाल से हूँ धूल में अत्म साँसें गिनती
प्यास से विवश,
निर्दयी सूर्य जलता है दाँय-दाँय
जलती है प्यास, आकाश है उदास,
बुझ जाते हैं शून्यता में नाहक ही
उच्चारण मेरे शब्दों के
मुरझाया-प्रयास मेरी आत्मा का
तुम आओ
अभ्यासवश अपना
चिरंतन भुलक्कड़पन भूलकर एक बार
बस आ जाओ एक बार ओ देवी।।

झरना, नदी, समुद्र, बर्फ, ओस, बारिश
जिस रूप में चाहो
सबके अनदेखे रात की ओस बन
दबे कदमों से नववधू-सी आओ
या मेदिनी कँपाती रवैरिणी सागर बन
अपरिकलनीय लोभों में
आत्मा -सी पवित्र और शातल बर्फ बन
अगोरकर और गाड़कर अपने ही गर्भ में
मेरी अंतहीन प्यास
अपने शीत-श्वेत सपने में।।

मेरी अधमरी शिराओं में
उसाँसें हैं मानव इतिहास की लाखों गुहारें की
करोडों सूर्य, नक्षत्र, नीहीरिका जन्म और मृत्यु
मेरी सूखी धमनियों में है अनकहा, अनलिखा

तमाम इतिहास
ग्लानि और कामना एवं
भूख और प्यास का।।

सदियों से पी-पीकर धूल
मैं हूँ यहाँ जीवन - स्वप्न-पिपासा से दग्ध
हीन अकिंचन
तुम आओ, देवी
नीली आँखे, नीली भौंहें, नीली नाभि, नीला स्तन
नीली योनि, सुनिल जाँघ
तुम आओ ओ तृष्णा, ओ रात्रि
ओ भ्रांति, ओ मुक्ति
मुझे मिले नील-स्वप्न, नील - मृत्यु
नील - निर्वापन।।

आधुनिक हिन्दी काव्य

युनिट-।

प्रश्नः-

- 'मातृभूमि' कविता पर अपने विचार व्यक्त कीजिए।
- 'अरूण यह मधुमय देश हमारा' कविता का सारांश लिखिए।
- 'श्रध्धा' का चरित्र-चित्रण व्यक्त कीजिए।
- 'दोनों ओर प्रेम पलता है' कविता के सहारे मैथिलीशरण गुप्त की रचनात्मकता पर विचार प्रकच कीजिए।
- 'वर दे वीणा वादिनी वर दे' कविता की भाषा-शैली पर विचार कीजिए।
- 'वह तोडती पत्थर' कविता का शिल्प विधान स्पष्ट कीजिए।
- 'हमारा देश' कविता का सारांक्ष लिखिए।
- 'विश्वराज्य' कविता का सारांक्ष लिखिए।
- 'जागो फिर एक बार' कविता का उद्देश्य विधान पर विचार कीजिए।
- 'तू बनकर प्रान समा जारे' कविता का भाव स्पष्ट कीजिए।
- 'बापू' कविता के चरित्र विधान पर विचार कीजिए।
- 'आशा की वंशी' कविता का सारांक्ष लिखिए।
- 'कालिदास' कविता के शिल्प विधान पर विचार कीजिए।
- 'सागर मुद्रा' कविता का सारांक्ष लिखिए।
- निराला के काव्यसाधना पर विचार कीजिए।
- 'राहुल-जननी' कविता पर अपने विचार व्यक्त कीजिए।
- 'शिखर पर' कविता का सारांक्ष लिखिए।

आधुनिक हिन्दी काव्य

हिन्दी साहित्य के इतिहास का काल विभाजन

1. आदिकाल (1050 से 1375)
2. भक्तिकाल (1375 से 1700)
3. रीतिकाल (1700 से 1900)
4. आधुनिक काल

आधुनिक काल के अंतर्गत आधुनिक कविताओं का भी समावेश होता है। आधुनिक हिन्दी कविता का प्रारम्भ भारतेंदु युग से माना जाता है। इस समय कविता पुरानी व्यवस्ता को छोड़ नए रूप ग्रहण कर रही थी। यद्यपि अब भी कविता पर ब्रजभाषा का प्रभाव बना हुआ था। भारतेंदु ने कुछ लोगों को इकट्ठा कर एक मंडल बनाया और यह नन्दल काव्य कर्म में नए-नए प्रयोग कर रहा था। समस्या पूर्ती एवं राष्ट्रीयता का स्वर इस काल की कविताओं में विद्यमान था। प्रेमघन, प्रताप नारायण मिश्र, अम्बिका दत्त इत्यादि नए-नए छंदों एवं तरीकों का प्रयोग कर रहे थे। कविताओं में अब पद्य के स्थान पर गद्य और ब्रजभाषा क छोड़कर खड़ीबोली को अपनाया जा रहा था।

भारतेंदु युग के समाप्त होते ही द्विवेदी युग में कविता का स्वरुप एकदम से बदलने लगा। इस युग की प्रमुख पत्रिका सरस्वति में कविताओं खड़ीबोली में छपने लगी और विषयों में नवीनता आने लगी। महावीर प्रसाद द्विवेदी ने कहा-"कविता का विषय मनोरंजक एवं उपदेशजनक होना चाहिए। यमुना के किनारे केलि कौतूहल का अद्भुत वर्णन बहुत हो चूका है। ना परकीयों पर प्रबंध लिखने का अब कोई आवश्यकता है और न स्वकीयाओं के 'गतगत'की पहेली बुझाने की। चींटी से लेकर हाथी पर्यंत, भिक्षुक से लेकर रजा पर्यंत, मनुष्यबिंदु से लेकर समुद्र पर्यंत जल, अनंत आकाश, अनंत पृथ्वी, अनंत पर्वत सभी पर कविता हो सकती है।" द्विवेदीजी का मानना था की काव्य भाषा सर्वग्राह्य होनी चाहिए। मैथिली शरण गुप्त, गयाप्रसाद शुक्ल सनेही, नाथूराम शर्मा शंकर एवं सियाराम शरण गुप्त, इत्यादि इस युग के प्रमुख कवि थे। हरिऔध इस युग के सक्रीय कवि थे। प्रकृति चित्रण, देशभक्ति एवं राष्ट्र भवना एवं मानवतावादी दृष्टिकोण इस युग के काव्य की प्रमुख विशेषताएं रही। इतिवृत्तात्मकता द्विवेदी युग की प्रधान प्रवृत्ति थी। भारत-भारती, साकेत, यशोधरा, गर्भारंडा रहस्य, प्रियप्रवास, मिलन इत्यादि इस युग के प्रमुख काव्यों में गिने जाते हैं।

द्विवेदी युग के पश्चात जिस नयी काव्यधारा से जन्म लिया वह छायावाद के नाम से जानी गई। प्रसाद, निराला, पंत, महादेवी छायावाद के प्रमुख कवि थे। इनकी रचनायें अपनी विशिष्टता के कारण हिंदी साहित्य में एक महत्वपूर्ण स्थान रखती हैं। छायावाद में व्यक्तिवाद का प्राधान्य, प्रकृति चित्रण, नारी चित्रण एवं, प्रेम तथा सौन्दर्य चित्रण, प्रायः सभी रचनाओं में पाया जाता है। छायावादी काव्यों में रहस्यवाद, लाक्षनिकता, वेदना, राष्ट्रीयता एवं मानवतावाद का स्वर प्रमुख है। जीवन के प्रति बदलते हुए मूल्य और शिल्प विधान का चित्रण छायावाद को श्रेष्ट बाबत है। निराला ने कविता को छंदों से मुक्त कर मुक्त छंद की अवधारणा को जन्म दिया जो छायावाद को अद्वितीय बना डेटा है। पंत का प्रकृति चित्रण एवं प्रसाद का सौन्दर्य चित्रण तथा मानवतावादी दृष्टिकोण तथा महादेवी वर्मा का वेदना भाव छायावाद को उच्चता के शिखर पर पहुंचा देता है।

द्विवेदी युग और छायावाद के साथ ही राष्ट्रीय सांस्कृतिक काव्यधारा का जन्म होता है। जिसमें राष्ट्रीय संस्कृति एवं राष्ट्र भावना से ओत-प्रोत कविताओं की प्रधानता रही। माखनलाल चतुर्वेदी, सियाराम शरणगुप्त, बालकृष्ण शर्मा नवीन, सुभद्रा कुमारी चौहान एवं दिनकर इसी काव्यधारा के प्रमुख कवियों में गिने जाते हैं। जिससे राष्ट्र की स्वतंत्रता में अमूल्य योगदान दिया। छायावादी काव्य की गति मंद हो जाने के बाद प्रगतिवादी कविता का सूत्रपात हुआ। नागार्जुन केदारनाथ अगरवाल, शिवमंगल सिंह सुमन एवं विलोचन आदि प्रगतिवाद के महत्वपूर्ण कवि हैं। वर्ग-संघर्ष, प्रकृति चित्रण, प्रेम, नारी एवं राष्ट्रीय भावनाओं का चित्रण इस युग प्रधान प्रवृत्ति रही। पूंजीवर्ग का विरोध एवं सर्वहारा वर्ग की पक्षधरता को इस युग के कवियों ने अपने काव्य का प्रयोग प्रमुख आधार बनाया।

प्रगतिवाद का स्वर जैसे-जैसे क्षीण पड़ता जा रहा था वैसे ही उसमें से प्रयोगवाद एवं नयी कविता का जन्म हुआ। अज्ञेय ने सभी प्रयोगवादी कवियों को राहों का अन्वेषी बताया। धर्मवीर भारती, शमशेर, सर्वेश्वरदयाल सक्सेना, मुक्तिबोध, गिरिजा कुमार माधुर, भवानीप्रसाद माधुर, नरेश्मेहता एवं रघुवीरसहाय, आदि प्रयोगवाद एवं नयीकविता के प्रमुख उन्नायकों में से हैं। व्यक्तिवाद, अतिनग्न यथार्थवाद, निराशावाद, कुंडा, संत्रास आदि बौद्धिकता, नए मूल्यों का चित्रण तथा उपमानों की नवीनता आदि इस काव्यधारा के वर्ण्य विषय रहे हैं। अनुभूति की सच्चाई, संवेदना, क्षणवाद, व्यंग्यात्मकता, बिम्बों एवं प्रतीकों को जमकर प्रयोग नयी कविता में हुआ। इससे नयी कविता में विविधता एवं नवीनता तो आयी लेकिन धीरे-धीरे लोग इससे डर होने लगे।

उसके बाद अकविता एवं नवगीत का दौर शुरू हुआ। शम्भूनाथ सिंह नवगीत के प्रवर्तक माने गए। श्रीकांत वर्मा एवं धूमिल इत्यादि अकविता के प्रमुख हस्ताक्षर माने जाते हैं। अकविता ने कविता का क्षेत्र पूरी तरह बदल दिया। व्यंग्य एवं तीखापन इस दौर की कविताओं का प्रमुख स्वर था।

इसके बाद भी कई कविता आन्तोलन आए । आज समकालीन कविता का दौर जारी है ।

हिन्दी साहित्य में आधुनिक काल या आधुनिकता की शुरुआत भारतेन्दु युग के मानी जाती है। प्राचीन मूल्यों की सापेक्षया में वर्तमान और नवीन मूल्य निश्चय ही आधुनिक है।

- हिन्दी साहित्य में आधुनिकता से अभिप्राय मध्यकाल से भिन्नता भी है।
- मध्यकाल से हटकर आधुनिक काल अपनी टेक्नोलॉजी और संचार सुविधा, प्रेस आदि की दृष्टि से भी सुदृढ़ हुआ है।
- नये आधुनिक परिवेश में लोग अपने को नये ढंग में ढालने लगे।
- पुरानी परमपराएं टूटने लगी।
- यह काल औद्योगिकरण, नगरीकरण और बौद्धिकता से सम्बद्ध है, जिसमें देश, राष्ट्र, ईश्वर और धर्म की भी नवीन व्याख्याएं की जाने लगी।
- व्यक्ति अपना व्यक्तित्व कहीं दूर खो रहा है। इस खोये हुए व्यक्ति की खोज प्रक्रिया का नाम आधुनिकता है।

आधुनिकता नें यथार्थ का स्वरुप ही बदल गया। पाप-पुण्य, धर्म-अधर्म, अच्छे बुरे का जो कसौटियाँ धर्म-ग्रंथो में दी हुई थीं, उनकी प्रामाणिकता अब समाप्त हो गयी, पुराने निरर्थक मूल्य विघटित हो गये। पाश्चात्य विचारकों का प्रभाव भी आधुनिक साहित्य पर पडा ।

हिन्दी साहित्य आधुनिक काल का उद्भव आ. रामचंद्र शुक्ल ने संवत् 1900 वि. से माना है और आ. नगेन्द्र ने हिन्दी साहित्य आधुनिक काल समय 1850 से माना है। हिन्दी साहित्य आधुनिक काल के समय के बारे में विविध मत रहे है।

कविता का अर्थ एवं परिभाषाः-

कविता भाव का स्वतः स्फूर्त उच्छलन है और उसके आस्वादन की सर्वोत्तम सिद्धि पाठक पक्ष में भी इसी के अनुरूप भाव के द्वारा होती है।[1]

काव्य केवल सफल प्रयोग का नाम है। प्रयोग के जोखिम के कारण सफल कविता का ही मूल्य बढ़ता है, प्रयोग का नहीं।[2]

काव्य भाषा को शब्द और अर्थ से मुक्ति दिलाने की प्रक्रिया है। भाषा के बंधन का नहीं, मुक्ति का नाम काव्य है। काव्य का कार्य शब्द में निहित अर्थ और संस्कार को जाग्रत करना है। काव्य शब्द और अर्थ - जन्मा होने पर भी वह न शब्द है न अर्थ।[3]

प्राचीन परिभाषाएः-

भामह- शब्दार्थौ सहितौ काव्यम् अर्थात् शब्द और अर्थ की संहति को काव्य संज्ञा देते हैं।

मम्मट - दोषों से रहित, गुणयुक्त, अलंकृत पर यदा - कदा अलंकार -रहित शब्द और अर्थ की संहति को काव्य मानते हैं - तद्दोषौ शब्दार्थौ सगुणावलंकृती पुनः क्वापि।[4]

आ. विश्वनाथ - वाक्यं रसात्मकं काव्यम्। (उनके अनुसार रस काव्य का मुख्य तत्व है)

इसके अतिरिक्त कुछ अन्य आचार्य काव्य पर अपने विचार व्यक्त करते हुए लिखते हैं-

- काव्य शब्दडयं गुणालंकारसंस्कृतयोः शब्दार्थयोर्वतते।[5]
- शब्दार्थौ काव्यम्।[6]
- अदोषौ सगुणौ अलंकारौ च शब्दार्थौ काव्यम्।[7]

---

[1] निर्मला जैन, नयी समीक्षा के प्रतीमान-आधुनिक आलोचना, क्लीन्थ ब्रुक्स, पृ. 23

[2] अज्ञेय, सर्जन और सन्दर्भ, पृ.30

[3] नरेश मेहता, प्रवाद पर्व - भूमिका

[4] मम्मट, काव्य प्रकाश, 04 सू0 1, पृ0 19

[5] वामन, काव्यलंकार सूत्र, 1, 1

[6] रुद्रा, काव्यलंकार, 2, 1

[7] हेमचन्द्र, सिद्धहेम, काव्यानुशासन, पृ. 16

मध्ययुगीन परिभाषाः-

- गिरा अर्थ जल वीचि सम कहियत भिन्न न भिन्न- तुलसीदास

आधुनिक परिभाषाएं:-

नाना प्रकार के विकारों के योग से उत्पन्न हुए मनोभाव जब मन में नहीं समाते तब वे आप ही आप मुख के मार्ग से बाहर निकलने लगते हैं अर्थात् मनोभाव शब्दों का रूप धारण करते हैं। यही कविता है चाहे वह पद्यात्मक हो चाहे गद्यात्मक। जो बात असाधारण और निराले ढंग से शब्दों द्वारा इस तरह प्रकट की जाय कि सुनने वाले पर उसका कुछ न कुछ असर जरूर पे, उसी का नाम कविता है।[8]

काव्य की परिभाषा जयशंकर प्रसाय काव्य और कला में इन शब्दों में देते हैं- काव्य आत्मा की संकल्पनात्मक अनुभूति है जिसका संबंध विश्लेषण, विकल्प या विज्ञान से नहीं है। वह एक श्रेयमयी प्रेय रचनात्मक ज्ञानधारा है।[9] प्रसाद के विचार से काव्य सत्य की ही अनुभूति है। वे श्रेय और प्रेय को अनिवार्य मानते हैं। काव्य में जो आत्मा की मौलिक अनुभूति की प्रेरणा है वही सौदर्यमयी और संकल्पात्मक होने के कारण अपनी श्रेयस्थिति में रमणीय आकार में प्रकट होती है।

महादेवी जा के विचारनुसार कविता हमें असीम सत्य की झाँकी दिखाती है।

शुद्ध कविता की खोज में दिनकर स्पष्ट करते हैं- कविता मनुष्य की एक शक्ति है, चीजों को एक दृष्टि है, वह एक ऐसा यन्त्र है जिससे मनुष्य का वह रूपपकडा जाता हैं, जिस रूप को ग्रहण करने अथवा समझने में अन्य सभी विद्याएँ असमर्थ हैं।[10]

---

[8] डॉ. भागीरथ मिश्र, हिन्दी काव्य शास्त्र का इतिहास, पृ. 202-203
[9] जयशंकर प्रसाद ग्रंथावली, पृ.458
[10] रामधारी सिंह दिनकर, शुद्ध कविता की खोज, पृ. 6